# जन प्रकाशन

महाशिवरात्रि 18 फरवरी

इन्दौर-भोपाल से एकसाथ प्रकाशित

सत्य ● साहस ● सरोकार

janprakashan@gmail.com www.janprakashan.com

आप सभी को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शुभकामनाएं

वर्षः 10 | अंकः 34 — इंदौर | गुरुवार, 16 - 22 फरवरी 2023 — पृष्ठः 08 | मूल्यः 02 रुपए


# इंदौर में साइबर अपराध पसार रहा अपने पैर ?






चंकि बाजपेयी
सिटी रिपोर्टर


## डीसीपी झोंन स्तर पर शिकायतों का हो रहा निदान

**इंदौर/ जन प्रकाशन**

भारत में ई ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र से लेकर राज्य सरकार कई तरह के नियम बना रही है लेकिन उसके बावजूद भी अगर मौजूदा हालात के बाद की जाए तो साइबर अपराध तेजी से पैर पसार रहा है और इसका इसका जीता जागता सबूत साइबर अपराधों में आने वाली शिकायतें हैं जोकि रोजाना सामने आ रही है जिसमे अधिकांश मामले पहले बुजुर्गों के साथ सामने आते थे लेकिन अब साइबर अपराध से युवा भी अछूते नहीं हैं....।

दरअसल साइबर अपराध को लेकर पुलिस विभाग,जिला प्रशासन सहित सामाजिक संगठनों द्वारा कई प्रयास करने के साथ ही जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है लेकिन उसके बाउजूद भी लगातर शिकायतों का ग्राफ काम नही हो रहा बात की जाए मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर की तो यह रोजाना 20 से 25 शिकायते सायबर क्राइम पुलिस के पास पहुंच रही है जिनमें आर्थिक हानि, मियूट वीडियो, सोशल मिडिया हैंडल हैकर से लेकर तमाम शिकायते शमिल है शहर में पुलिस कमिश्नर प्राणली लागू होने के बाद बढ़ती शिकायतों की सुनवाई के लिए झोंन स्तर पर सायबर सेल बनाए गए है थी उनकी समस्याओं का जल्द निकल किया जा सके लेकिन चूक यह भी है की की दफा सायबर अपराध के कई घंटो बाद भी फरियादी सही निर्णय नहीं ले पात कुछ मामलों में सायबर क्राइम पुलिस बेहतर कार्य कर फरियादियों को राहत पहुंचते हुए हजारों रूपयो से लेकर लाखो रुपए वापस भी कोई है लेकिन कहानी यही नहीं रुकती अच्छे मुनाफे और ऑनलाइन खरीदी की अप्लीकेशन से भी लोग धोखाधड़ी के शिकार हो रहे हैं जिसका के कारण सायबर सेल को भी उन ऐप को संचालित करने वाले आरोपियों तक पहुंचने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है आइए देखें बीते दिनों हुए कुछ ऐसे सायबर अपराध जिसके कारण आर्थिक हानि का जोखिम लोगो को झेलना पड़ा।

### साईब्रर क्राईम की जानकारी दिनांक 01 जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2022 की

| वर्ष | अपराध कायमी | बरामदगी | वापस | होल्ड |
|---|---|---|---|---|
| 2018 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2019 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 2020 | 9 | 0 | 0 | 0 |
| 2021 | 11 | 0 | 13728262 | 0 |
| 2022 | 25 | 0 | 39294808 | 0 |

## साइबर क्राइम की घटनाएं

**1** इंदौर के रहने वाले आशीष नामक व्यक्ति को ऑनलाइन बैंकिंग सेवाएं देने के नाम पर कॉल आया और जब कॉल के माध्यम से उन्हें स्कीम के बारे में बताया गया स्कीम बताने के बाद ऑनलाइन ओटीपी तमाम जानकारियों के बाद उनके मोबाइल पर प्राप्त हुआ जब सामने वाले व्यक्ति को उन्होंने ओटीपी बताया तो उनके खाते से 54000 की राशि कट गई।

**2** तो वही दूसरा मामला अशोक नामक युवक को भी इसी तरह का एक फोन कॉल आया और फिर बैंकिंग जानकारी ली गई जानकारी जब फरियादी ने ऑनलाइन फोन पर दी तो तत्काल उनके 20000 की राशि भी ठग ली गई...।

**3** दूसरी घटना में अभिषेक नामक युवक को इंस्टाग्राम पर फोन कॉल आया और फिर बैंकिंग जानकारी प्राप्त कर 1 लाख से अधिक की राशि खाते से कट गई जिसमे भी युवक द्वारा अज्ञात फोन को कॉल पर सामने वाले व्यक्ति को बैंकिंग से जुड़ी तमाम जानकारियां दी गई थी और उसी के बाद साइबर क्राइम की घटना घटित हुई है।

**4** शहर के मुस्तफा नामक लोहा व्यापारी के साथ आर्मी अधिकारी बन 99000 की राशि ठगी करने वाले साइबर अपराधी के खाते से ट्रांजैक्शन रोक कर लोहा व्यापारी को साइबर क्राइम पुलिस द्वारा वापस कराई गई।

**5** पांचवी मामले में बीएसएफ अधिकारी बनकर विनय नामक व्यक्ति जो की नर्सरी (पौधे) व्यापार करते हैं उनको भी फोन कॉल कर बीएसएफ परिसर में पौधारोपण के लिए बड़ा ऑर्डर देने की बात कहते हुए उनके साथ भी हजारों रुपए की ठगी की वारदात की गई।

**बता दे ऑनलाइन साइबर क्राइम करने वाले अपराधी लगातार व्यापारी वर्ग और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन करने वाले लोगों को अधिक टारगेट कर रहे हैं और उसी के कारण इस तरह के मामले लगातार बढ़ रहे हैं जिसके चलते पिछले 3 वर्षों में शिकायतों का इज़ाफा लगातार कई गुना रफ्तार से बढ़ रहा है जिसके कुछ हाल ही के वर्षों की जानकारी इस प्रकार है जिसमें पुलिस को मिली तुरंत शिकायत में करोड़ों रुपए फरियादियों को वापस कराए गए हैं।**

## इन बातों की रखे सावधानी

**1** फायनेंसियल फ्राड की जानकारी मिलते ही तुरंत इसकी शिकायत करें।

**2** कभी किसी संदिग्ध मैसेज पर विश्वास कर केवायासी अपडेट, आधार, पैनकार्ड लिंक करने वाले मैसेज पर विश्वास ना करें।

**3** रिमोट एप जैसे टीम व्युवर, एनीडेस्क, क्विक सपोर्ट आदि किसी के कहने पर इंस्टाल ना करें।

**4** फोन काल पर अज्ञात व्यक्ति व्दारा दिये गए निर्देशों का पालन नही करें। गूगल से प्राप्त कस्टमर केयर या हेल्प लाईन नंबर पर विश्वास ना करें।

**5** क्यूआर कोड स्केन करने पर बैंक खाते से रुपये निकलते है।

**6** अपनी कोई भी फायनेंसियल जानकारी अथवा व्यक्तिगत जानकारी सोशल मिडिया पर शेयर नही करें।

**सायबर संबंधी अपराध की शिकायत सायबर ऑनलाईन पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर तथा हेल्पलाईन नंबर 1930 पर भी की जा सकती है।**

## संपादकीय

जनप्रकाशन



मनोज चौबे

प्रधान संपादक

# बच्चों को शांत कराने के लिए मोबाइल थमाना नुकसानदेह

### कम उम्र में घटती है एकाग्रता



कई बार बच्चे रोते हैं तो पैरेंट्स उन्हें मोबाइल या टैबलेट देकर शांत करा देते हैं। इससे बच्चे उस वक्त तो शांत हो जाते हैं, लेकिन भविष्य में इसके गंभीर परिणाम सामने आते हैं। दरअसल, 9 साल की उम्र पूरी होने के बाद इस तरह के बच्चे जब दूसरे बच्चों के संपर्क बनाते हैं, तो डिवाइस की लत के चलते उन्हें घुलने-मिलने में दिक्कत होती है।

उनकी एकाग्रता घटती है और कार्य करने की क्षमता प्रभावित होती है। स्क्रीन का बच्चों पर असर जानने के लिए हाल ही में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी सेंटर ऑफ डेवलपिंग चाइल्ड में हुए एक शोध हुआ। इसमें सामने आया कि 9 साल की उम्र तक ज्यादा समय मोबाइल या टैबलेट के साथ बिताने वाले बच्चों की एकैडमिक परफॉर्मेंस घटती है। मानसिक स्वास्थ भी बिगड़ता है।

### शारीरिक एक्टीविटीज से होता है मानसिक विकास

शोध में बताया गया कि ऐसे बच्चों को बचपन में मोबाइल थमाना उनसे बचपन छीनने जैसा होता है। इससे ज्यादा उन्हें बड़ों से बातचीत करने देना ज्यादा जरूरी है। इसके अलावा उन्हें सोशल एक्टिविटी या शारीरिक गतिविधियां कराने की भी जरूरत है, ताकि शारीरिक और मानसिक विकास हो सके।

ऐसे बच्चे भावनात्मक रूप से काफी कमजोर होते हैं। इसका असर लड़कों में ज्यादा होता है। एक अन्य शोध के अनुसार स्क्रीन टाइम बढ़ने से बच्चों में चिड़चिड़ापन बढ़ जाता है और वे कई बार चुनौतीपूर्ण माहौल में आक्रामक व्यवहार करने लगते हैं। इससे बच्चों की फिजिकल एक्टिविटी तो कम होती ही है।


### सवालों का जवाब दें, कपड़े व्यवस्थित करना सिखाएं

अगर आप कपड़े तह कर रहे हैं तो बच्चों को भी अपने साथ कुछ कपड़े तह करने के लिए दें। ताकि उनका उस काम में मन लगा रहे। स्क्रीन टाइम का समय निर्धारित करें। ज्यादा से ज्यादा उन्हें प्रश्न करने का मौका दें। जहां तक हो सके उनके सवालों का जवाब भी दें।

सा.

# विश्व हिंदी या अंग्रेजी की गुलामी?

जनप्रकाशन



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

(लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद् के अध्यक्ष और अफगान मामनों के विशेषज्ञ)
dr.vaidik@gmail.com



फिजी में 15 फरवरी से 12 वाँ विश्व हिंदी सम्मेलन होने जा रहा है। यह सम्मेलन 1975 में नागपुर से शुरु हुआ था। उसके बाद यह दुनिया के कई देशों में आयोजित होता रहा है। जैसे मोरिशस, त्रिनिदाद, सूरिनाम, अमेरिका, ब्रिटेन, भारत आदि! पिछले दो सम्मेलनों को छोड़कर बाकी सभी सम्मेलनों के निमंत्रण मुझे मिलते रहे हैं। मुझे 1975 के पहले सम्मेलन से ही लग रहा था कि यह सम्मेलन हिंदी के नाम पर करोड़ों रु. फिजूल बहा देने की कोशिश से ज्यादा कुछ नहीं है। नागपुर सम्मेलन के दौरान मैंने 'नवभारत टाइम्स' में एक संपादकीय लिखा था, जिसका शीर्षक था, ''हिंदी मेलाः आगे क्या?'' 38 साल बीत गए लेकिन जो सवाल मैंने उस समय उठाए थे, वे आज भी ज्यों के त्यों जीवित हैं। तत्कालीन दो प्रधानमंत्रियों के आग्रह पर मैंने मोरिशस और सूरिनाम के सम्मेलनों में भाग लिया। वहां दो-तीन सत्रों की अध्यक्षता भी की और दो-टूक भाषण भी दिए। कुछ ठोस प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित भी करवाए लेकिन सारे विश्व हिंदी सम्मेलन सैर-सपाटा सम्मेलन बनकर रह गए हैं। अब अच्छा है कि मोदी-राज में मेरे-जैसे स्पष्टवक्ताओं को इन सैर-सपाटा सम्मेलनों से दूर ही रखा जाता है। यह खुशी की बात है कि यह 12 वाँ सम्मेलन उस फिजी में हो रहा है, जहां प्रवासी भारतीयों के अन्य देशों की बजाय हिंदी का चलन ज़रा ज्यादा है लेकिन हिंदी की जो दुर्दशा भारत में हैं, वही हाल हिंदी का उन प्रवासी देशों में भी है। इन देशों में तो हिंदी की बजाय आम लोग अपनी बोलियों में ही बातचीत करते हैं। यदि इन देशों में महर्षि दयानंद का आर्यसमाज सक्रिय न होता तो वहां हिंदी का नामो-निशान ही मिट जाता। इन देशों में भी संसदीय कार्रवाई, अदालती बहस और फैसले तथा सारी ऊँची पढ़ाई अंग्रेजी या फ्रांसीसी में ही होती है। ऐसा वहां क्यों न हो? जब दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र भारत अंग्रेजी की गुलामी में डूबा हुआ है तो इन छोटे-मोटे देशों को हम दोष क्यों दे? 1975 में ही 'साप्ताहिक हिंदुस्तान' में मेरे वरिष्ठ मित्र गोविंदप्रसादजी केजरीवाल ने विश्व हिंदी सम्मेलन पर लिखते हुए कहा था कि 'घर में नहीं दाने! अम्मा चली भुनाने!!' आजकल हम आजादी का 75 वां वर्ष मना रहे हैं लेकिन हमारे कानून, हमारे सरकारी आदेश, हमारे ऊँचे अदालती फैसले, हमारी ऊँची पढ़ाई और शोध-कार्य सभी काम-काज अंग्रेजी में चल रहे हैं और हम हिंदी को विश्व भाषा बनाने पर तुले हुए हैं। यह ठीक है कि अन्तरराष्ट्रीय व्यापार, कूटनीति और शोधकार्य के लिए हमें कई विदेशी भाषाओं को अवश्य सीखना चाहिए लेकिन हम अकेली अंग्रेजी की गुलामी में डूबे हुए हैं। हिंदी को संयुक्तराष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा बनवाने का प्रस्ताव मैंने सूरिनाम में पारित करवाया था लेकिन यदि वह बन भी जाए तो भी क्या होगा? क्या हमारे नेताओं को कुछ शर्म आएगी? क्या वे नौकरशाहों की नौकरी करना बंद कर पाएंगे? यदि वे वे ऐसा कर सकें तो अंग्रेजी की गुलामी से हिंदी अपने आप मुक्त हो जाएगी। **ये लेखक के अपने विचार है)**

# शिवरात्रि और शनि प्रदोष का संयोग 18 को

उज्जैन/ जन प्रकाशन

18 फरवरी, शनिवार को फाल्गुन महीने के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी और चतुर्दशी तिथि होंगी। यानी शनि प्रदोष और शिवरात्रि का संयोग बन रहा है। जिससे इस दिन व्रत और शिव पूजा करने से शनि के अशुभ असर से राहत मिलेगी।

प्रदोष और शिवरात्रि का संयोग होने से पूरे दिन शिव पूजा की जा सकेगी। इस शुभ योग में भगवान शिव और शनि की पूजा एवं व्रत करने से हर इच्छा पूरी होती है। हर तरह के पाप भी खत्म हो जाते हैं। ये साल का पहला शनि प्रदोष है। इसके बाद अब 4 मार्च और 1 जुलाई को शनि प्रदोष का योग बनेगा।

### प्रदोष व्रत और पूजा की विधि

व्रत करने वाले को ब्रह्म मुहूर्त में उठकर नहाने के बाद भगवान शिव की पूजा और ध्यान करते हुए व्रत शुरू करना चाहिए। त्रयोदशी यानी प्रदोष व्रत में शिवजी और माता पार्वती की पूजा की जाती है। ये निर्जल व्रत होता है। सुबह जल्दी गंगाजल, बिल्वपत्र, अक्षत, धूप और दीप से भगवान शिव की पूजा करें। शाम में फिर स्नान करके सफेद कपड़े पहनकर इसी तरह शिवजी की पूजा करनी चाहिए। शाम को शिव पूजा के बाद पानी पी सकते हैं।

### शनि प्रदोष है खास


शनिदेव के गुरू भगवान शिव हैं। इसलिए शनि संबंधी दोष दूर करने और शनिदेव की शांति के लिए शनि प्रदोष का व्रत किया जाता है। संतान प्राप्ति की कामना के लिये शनि त्रयोदशी का व्रत विशेष रूप से सौभाग्यशाली माना जाता है। इस व्रत से शनि का प्रकोप, शनि की साढ़ेसाती या ढैया का प्रभाव कम हो जाता है।

शनिवार को पड़ने वाला प्रदोष संपूर्ण धन-धान्य, समस्त दुखों से छुटकारा देने वाला होता है। इस दिन दशरथकृत शनि स्त्रोत का पाठ करने पर जीवन में शनि से होने वाले दुष्प्रभावों से बचा जा सकता है। इसके अलावा शनि चालीसा और शिव चालीसा का पाठ भी करना चाहिए।

### प्रदोष व्रत का महत्व

संध्या का वह समय जब सूर्य अस्त होता है और रात्रि का आगमन होता हो उस समय को प्रदोष काल कहा जाता है। ऐसा माना जाता है की प्रदोष काल में शिव जी साक्षात् शिवलिंग में प्रकट होते हैं और इसीलिए इस समय शिव का स्मरण करके उनका पूजन किया जाए तो उत्तम फल मिलता है।

प्रदोष व्रत करने से चंद्रमा के अशुभ असर और दोषों से छुटकारा मिलता है। यानी शरीर के चंद्र तत्व में सुधार होता है। चंद्रमा मन का स्वामी है इसलिए चंद्रमा संबंधी दोष दूर होने से मानसिक शांति और प्रसन्नता मिलती है। शरीर का ज्यादातर हिस्सा जल है इसलिए चंद्रमा के प्रभाव से सेहत अच्छी होती है। शनि प्रदोष पर शनि देव की पूजा भी करनी चाहिए।



# शिव-नवरात्रि का छठवा दिन

उज्जैन/ जन प्रकाशन

श्री महाकालेश्वर मंदिर  मंदिर में शिव-नवरात्रि जे छठवें दिवस बुधवार बाबा महाकाल का ''मन महेश'' स्वरूप में श्रृंगार किया गया। प्रातः 9.30 बजे से 11.00 बजे तक 11 ब्राह्मणों द्वारा गर्भगृह में एकादशनी रुद्र पाठ व दोपहर में भोग आरती पश्चात 3.00 बजे तक संध्या पूजन किया गया। गुरूवार को भगवान श्री महाकाल का 'उमा-महेश' स्वरुप में श्रृंगार होगा।

### नई दर्शन व प्रोटोकाल व्यवस्था हुई स्थापित : सभी हुए प्रसन्न

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में हुए निर्णय के अनुपालन में वर्तमान में जंहा शीघ्र-दर्शन के श्रद्धालु रु 250 की रसीद से दर्शन कर रहे हैं वहीं प्रोटॉकाल सुविधा के अंतर्गत आने वाले दर्शनार्थिगण भी रु 250 की रसीद लेकर ही दर्शन कर रहे हैं, इसी तरह गर्भगृह दर्शन अभिषेक अभिलाषी भी रसीद से सुलभ दर्शन कर रहे हैं।

प्रशासक सोनी ने बताया कि पुरानी एवम नई व्यवस्थाएं मंदिर के प्रावधान अनुरूप ही रही हैं एवं कहीं कोई वित्तीय अनियमितता जैसी बात नही है जैसा कि कुछ जगह प्रचारित किया जा रहा है।

# चुनावी साल में सरकार का तोहफा

## अवैध कॉलोनियों को वैध करने की तैयारियां तेज
## इंदौर में पहले चरण में 106 कॉलोनी होगी वैध

**इंदौर/ जन प्रकाशन**

**जितेन्द्र माथुर।** इंदौर में अवैध कॉलोनियों को वैध करने की तैयारियां जोरो से जारी है। पहले चरण में शहर की 106 पुरानी अवैध कालोनी को वैध करने की योजना पर रफ्तार से काम चल रहा है। कॉलोनियों को वैध करने के सम्बंध में निगमायुक्त द्वारा समीक्षा बैठक लेकर अफसरों को जरूरी निर्देश भी दिए।

चुनावी साल में सरकार बड़ी सौगात देने जा रही है। सरकार प्रदेश भर में ऐसी अवैध कॉलोनियों को वैध करने जा रही है जो वैध करने योग्य है। सरकार के निर्देश पर अवैध कॉलोनियों को वैध करने की दिशा में शासन, प्रशासन और नगर निगम सहित अन्य सम्बंधित विभागों में तेजी से काम चल रहा है। प्रदेश के साथ इंदौर में भी अवैध कॉलोनियों को वैध किये जाने की तैयारी तेजी से जारी है। पहले चरण में 106 अवैध कॉलोनियों को वैध करने योजना है।जिस पर काम चल रहा है। कॉलोनियों को जल्द वैध करने सम्बंध में निगमायुक्त प्रतिभा पाल ने मोर्चा सम्हाल लिया है। उन्होंने मंगलवार को कालोनी सेल की समीक्षा बेठक ली।




बैठक में अपर आयुक्त मनोज पाठक, नगर शिल्पज्ञ भवन अनुज्ञा अनुप गोयल, कालोनी सेल व भवन अनुज्ञा विभाग के अफ़सर मौजूद थे।

समीक्षा बैठक के दौरान कॉलोनी सेल विभाग द्वारा प्रेजेटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। निगमायुक्त पाल ने समीक्षा बैठक के दौरान अफसरों को निर्देश दिये गये कि जिन 106 पुरानी अवैध कालोनियों के प्रारंभिक ले आउट के प्रारूप जारी किये जाकर दावे-आपत्तियां बुलाई गई थी, उक्त कालोनियो की दावे-आपत्तियो का शीध्र निराकरण किया जाकर वैध करने की कार्यवाही की जावे।

साथ ही निगमायुक्त पाल द्वारा बैठक के दौरान बिना अनुमति के नवीन अवैध कालोनी बनाने वालो पर कार्यवाही करने के साथ शीघ्र रिमूव्हल कार्यवाही करने के निर्देश दिये भी दिए। ऐसी नवीन अवैध कालोनियां जिनका चिंहाकन किया जा चुका है, उन कालोनियो के विरूद्ध बुधवार से अभियान चलाकर सख्ती से रिमूव्हल कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।

बैठक में यह भी निर्देश दिये गये कि द्वितीय चरण में अवैध से वैध की जाने वाली कालोनियो के संबंध में समस्त आवश्यक कार्यवाही जल्द पूर्ण की जाए।

### पहले चरण में 106 कॉलोनी होगी वैध, विभागों ने जारी की एनओसी- उदावत

नगर निगम योजना एवं प्रोधोगिकी विभाग के प्रभारी राजेश उदावत ने जन प्रकाशन को बताया कि इंदौर शहर की 207 अवैध कॉलोनियों की प्राम्भिक सूची तैयार की गई है। जिसमे से 196 कॉलोनियों की एनओसी सभी विभागों से प्राप्त हो चुकी है। उदावत के अनुसार पहले चरण में 106 अवैध कॉलोनियों को वैध किया जाएगा। वैध की जाने वाली कॉलोनियों का ले-आउट प्रकाशित कर दावे आपत्तियां बुलाई गई है। दावे के निराकरण की प्रक्रिया तेजी से जारी है।

# इंदौर में युवाओं को हथियार लहराना महंगा पड़ा

## सोशल मीडिया पर पोस्ट के आधार पर युवाओं पर हुई कार्रवाई



**इंदौर/ जन प्रकाशन**

इंदौर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू होने के समय से ही सोशल मीडिया पर नजर बनाए रखने के लिए एक अलग से विभाग कार्य कर रहा है और इसी तारतम्य में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से सोशल मीडिया पर खुलेआम हथियार लहराते हुए युवाओं द्वारा पोस्ट डाली गई थी जिनकी जानकारी लगते ही 3 से 4 युवाओं पर क्राइम ब्रांच द्वारा कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

दरअसल शहर में अपनी धाक और भय का माहौल फैलाने के चलते कुछ युवा अति उत्साहित होकर सोशल मीडिया पर हथियार लहराते हुए पोस्ट डाल कर कई तरह से एक्शन करते हुए नजर आते हैं अब एक्शन करना उनको इतना भारी पड़ रहा है कि वह पुलिस के सामने गिड़गिड़ा रहे हैं ऐसे ही कई वीडियो पिछले दिनों सोशल मीडिया पर देखे गए थे और वहां काफी वायरल भी हुए थे इन युवाओं को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल के आधार पर इंदौर क्राइम ब्रांच पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है और इन पर आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में कार्रवाई को अंजाम दिया गया है।

1 प्रभात रावल नामक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर हथियार लहराते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया था जिसके बाद वीडियो के आधार पर क्राइम ब्रांच पुलिस द्वारा उसे पकड़कर हथियार भी जप्त किया गया और विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई

2 इसी के साथ एरोड्रम थाना क्षेत्र में सत्यम सिंह बेस नामक एक युवक को पिस्टल लहराना इतना भारी पड़ गया कि सोशल मीडिया के माध्यम से उसका वीडियो काफी वायरल हो गया था जिस पर से क्राइम ब्रांच ने उसे पकड़कर जहां एक और पिस्टल जब तक की तो वहीं दूसरी ओर युवक पर आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

3 इसी कड़ी में दोस्त की बारात में चाकू लहराकर एक युवक ने डांस किया था जिसका वीडियो भी जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिस पर क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा वायरल वीडियो में चाकू लहराने वाले व्यक्ति की पहचान एवं वीडियो की तकनीकी जानकारी एवं मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कर छत्रीपुरा क्षेत्र के बियाबानी चौराहे के पास चाकू लेकर वारदात करने की नियत से घूम रहा जिस पर पुलिस ने युवक सुजल काले को पकड़ा व तलाशी लेते आरोपी के पास से धारदार चाकू मिला। वही पुलिस पकड़े गए आरोपी के पूर्व के रिकार्ड को भी खंगालने में जुटी हुई है और जल्द ही इस पूरे मामले में आरोपी की निशान देहि पर कुछ और आरोपी को पकड़ने की बात कही जा रही है...।

**भय का माहौल फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही**



इंदौर शहर में भय का माहौल फैलाने वाले युवकओ और बदमाश लगातर कार्रवाई की जा रही हैं और इसी तारतम में सोशल मीडिया पर वीडियो फोटो के आधार पर भय का माहौल फैलाने वाले युवाओं पर क्राइम ब्रांच ने वीडियो फुटेज और अन्य शिकायतों के आधार पर कार्रवाई कर रहा है हथियारों को लहराना असंवैधानिक है।

**निमिष अग्रवाल डीसीपी क्राइम ब्रांच इंदौर**

# आबकारी विभाग द्वारा मदिरा जप्त



**इंदौर/ जन प्रकाशन**

इंदौर जिले में मदिरा के अवैध रूप से निर्माण, विक्रय, परिवहन एवं अवैध रूप से भण्डारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी के निर्देशन में आबकारी विभाग के अमले द्वारा अभियान चलाकर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे के निर्देशन में की गई। कंट्रोलर राजीव मुद्गल,सहायक जिला आबकारी अधिकारी बी के वर्मा के मार्गदर्शन में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर भील कॉलोनी स्थित चंद्र शेखर उर्फ भैयू पिता राजाराम के रहवासी झोपड़ी की विधिवत तलाशी में पांच पेटियों में कुल 250 पाव प्लेन मदिरा और प्लास्टिक बोरी में 35 पाव मसाला और 18 पाव प्लेन मदिरा कुल 303 पाव देशी मदिरा बरामद की गई। आरोपी के पास वैध लाइसेंस नहीं होने से मदिरा को कब्जे आबकारी लिया गया और विधिवत जब्ती की कार्यवाही की गई। आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। अन्य आरोपी प्रवीण पिता प्रताप मोहनिया निवासी भील कॉलोनी थाना आजाद नगर मौके से फरार हो गया। इस आशय का पंचनामा बनाया गया। जब्त मदिरा की कीमत 17 हजार 620 रुपए है।

# "शिव ज्योति अर्पणम"



उज्जैन/ जन प्रकाशन

अमृत बैंडवाल। महाशिवरात्रि के अवसर पर क्षिप्रा के पावन तट पर आयोजित शिव ज्योति अर्पणम महोत्सव में 21 लाख दीप प्रज्वलित कर विश्व कीर्तिमान रचा जाएगा बुधवार को सुनहरी घाट पर मॉक ड्रिल करते हुए 225 दीपो को प्रज्वलित किया गया।

महाशिवरात्रि पर्व पर होने वाले वृहद स्तर पर 'शिव ज्योति अर्पणम' के प्रारंभिक चरणों की तैयारियां पूर्ण की जा रही है इसी क्रम में बुधवार को सुनहरी घाट पर नगर निगम द्वारा बनाए गए ब्लॉक में दीयों को प्रज्वलित करते हुए देखा कि कितने समय में कितने व्यक्तियों द्वारा प्रत्येक ब्लॉक में रखें गए दीयों को प्रज्वलित किया जा सकता है साथ ही जो कमियां आ रही है उसे ठीक करते हुए सफलता पूर्वक दीपो को प्रज्वलित किया जा सके, दीपों को प्रज्वलित करने के पूर्वाभ्यास में 225 दीपों को जलाने पर क्या क्या कमियां पाई गई इस को ध्यान में रखा गया साथ ही जिस दिन समस्त दियों को प्रज्वलित किया जाएगा उस दिन कुछ सावधानियां भी रखनी आवश्यक है साथ ही एक बाती को बाहर तथा दूसरी तरफ का सिरा अंदर की तरफ होना चाहिए एवं बाती पर कपूर भी लगाया जाए एवं बत्ती को भीगोते समय उस पर बट मारना भी जरूरी है ताकि वह शीघ्र जल सके।

इस दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र कुमार शुक्ला, नगर निगम आयुक्त रोशन कुमार सिंह, विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, एमआईसी सदस्य रजत मेहता, अपर आयुक्त आशीष पाठक, आदित्य नागर उपस्थित थे।

### घाटों का निरीक्षण

दीप प्रज्वलन की मॉक ड्रिल के पश्चात सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक पारस जैन, महापौर मुकेश टटवाल, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, नगर निगम आयुक्त रोशन कुमार सिंह द्वारा रामघाट पर नगर निगम द्वारा की गई व्यवस्थाओं एवं मार्किंग कार्य का अवलोकन किया गया एवं निर्देशित किया कि प्रकाश व्यवस्था को और बढ़ाया जाए तथा सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

इस दौरान एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, डॉ.योगेश्वरी राठौर, रजत मेहता, झोन अध्यक्ष विजय सिंह कुशवाहा, नगर अध्यक्ष विवेक जोशी, विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, पार्षद हेमंत गहलोत,प्रकाश शर्मा, अपर आयुक्त आशीष पाठक, आदित्य नागर, इकबाल सिंह गांधी, विशाल राजोरिया, उपायुक्त संजेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।



# शिव ज्योति अर्पणम् महोत्सव

## घाटों पर दीपों को जमाने का कार्य हुआ प्रारंभ



उज्जैन/ जन प्रकाशन

महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित शिव ज्योति अर्पणम् महोत्सव अन्तर्गत क्षिप्रा नदी के घाटों पर 21 लाख दीप प्रज्वलित करते हुए विश्व कीर्तिमान रचा जाएगा इसके लिए तैयारियां वृहद स्तर पर की जा रही है क्षिप्रा के घाटों पर दीप प्रज्वलन के लिए मार्किंग करते हुए ब्लाक बनाए गए है इन ब्लाकों में दीपों को जमाने का कार्य बुधवार से प्रारंभ हो गया है।

शिव ज्योति अर्पणम् महोत्सव अन्तर्गत क्षिप्रा नदी के घाटों पर 21 लाख दीप प्रज्वलित करते हुए विश्व कीर्तिमान बनाया जाएगा इसके लिए नगर निगम द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। घाटों पर दीपों को रखने के लिए मार्किंग कर ब्लाक बनाए गए है इन ब्लाकों में बुधवार से दीप जमाने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इन ब्लाकों पर दीपों के पैकिंग बॉक्स उपलब्ध करवा दिए गए है।

शिव ज्योति अर्पणम् महोत्सव अन्तर्गत क्षिप्रा के घाटों पर की जा रही तैयारियों का जायजा निरंतर महापौर मुकेश टटवाल, निगम आयुक्त रोशन कुमार सिंह द्वारा किया जा रहा है एवं जहां आवश्यक हो वहां अधिकारीयों को निर्देशित करते हुए समुचित व्यवस्थाएं की जा रही है। महोत्सव हेतु राणोजी की छत्री पर मंच की तैयारी भी प्रारंभ हो गई है।

# थूकना न भिया केंपन में नागरिकों को किया जा रहा जागरूक

उज्जैन/ जन प्रकाशन



स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 अन्तर्गत नगर पालिक निगम द्वारा शहर को साफ, स्वच्छ, सुन्दर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। निगम की सहयोगी संस्था द्वारा शहर में थूकना न भिया केंपन चलाया जा रहा है जिसमें विभिन्न गतिविधियां करते हुए खुले में नही थूकने, प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्रीयों को उपयोग नही करने, घरों के आस पास साफ सफाई रखने की लिए जन जागरण किया जा रहा है।

नगर पालिक निगम उज्जैन की सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा प्रतिदिन शहर के विभिन्न क्षैत्रों में गतिविधियां, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश जन-जन को दिया जा रहा है साथ ही थूकना न भिया, थू थू बाय बाय व पॉलीथीन से दूरी कपड़े का झोला है जरुरी कैंपेन को सभी वार्डो मे रैली के माध्यम से प्रसारित किया जा रहा है। सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा नागरिकों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की जानकारी देते हुए बताया जा रहा है कि खुले में नही थुकें, प्रतिबंधित पॉलिथिन का उपयोग नही करे, अपने घरों के आस-पास साफ सफाई बना कर रखे, गीला सुखा कचरा अलग-अलग एकत्रित करे एवं कचरा निगम द्वारा संचालित कचरा कलेक्शन वाहन में ही डाले, होम कम्पोस्टिंग को अपनाए इत्यादि की जानकारी दी जा रही है।

शहर के नागरिको द्वारा द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नही किया जा रहा है इस का उदाहरण शहर में होने वाले विवाह समारोह में जिसमें लकड़ी, स्टील से बने बर्तनों का उपयोग हो रहा है साथ ही शहर में व्यवसाईक क्षेत्र खाने पिने की दुकाने, फ्रीगंज चौपाटी, तरण ताल चौपाटी इत्यादी स्थानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नही किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा इन स्थानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री मार्केट के गेट भी बनवाए गए है।

# विकास यात्रा में की शिव ज्योति अर्पणम् महोत्सव में भागीदारी की अपील

## वार्ड 25, 26, 47 एवं 49 में निकाली गई विकास यात्रा

**उज्जैन/ जन प्रकाशन**

उज्जैन शहर के उत्तर एवं दक्षिण क्षैत्र में विकास यात्रा निरन्तर जारी है। बुधवार को उज्जैन उत्तर के वार्ड 25 एवं 26 तथा दक्षिण क्षैत्र में वार्ड 47 एवं 49 में विकास यात्रा निकाली गई। विकास यात्रा में विधायक उज्जैन उत्तर पारसचन्द्र जैन के साथ ही महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव एवं पार्षद शामिल हुए, विकास यात्रा में वार्ड वासियों ने महाशिवरात्रि पर आयोजित शिव ज्योति अर्पणम् महोत्सव में भागीदारी करने की अपील की गई।

उज्जैन उत्तर में वार्ड-25 एवं 26 में विधायक पारस जैन के नेतृत्व में तथा महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, पूर्व विधायक राजेन्द्र भारती, फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष ओम जैन, यूडीए पूर्व अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, एमआईसी सदस्य एवं क्षैत्रीय पार्षद डॉ. योगेश्वरी राठौर की उपस्थिति में विशाल विकास यात्रा वार्ड के विभिन्न क्षैत्रो से निकाली गई। वार्ड वासियों द्वारा विकास यात्रा का पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। विकास यात्रा में दौरान वार्ड 25 में 6 लाख की लागत ने विभिन्न क्षैत्रों में नवीन पाईप लाईन डाले जाने, 6 लाख की लागत से विभिन्न स्थानों पर बोरिंग एवं मोटर लगाने एवं 3.50 लाख की लागत से विभिन्न स्थानों पर बिजली के पोल लगाये जाने के कार्यो का भुमि पूजन तथा वार्ड में प्रधान मंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को गृह प्रवेश विधायक पारसचन्द्र जैन, महापौर मुकेश टटवाल एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा करवाया गया। विकास यात्रा के पड़ाव स्थान शास. शालीग्राम तोमर विद्यालय दौलतगंज पर एक जनसभा का आयोजन किया गया, यहां पर सर्वप्रथम विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की गई एवं देश भक्ति गीतों पर नृत्य की प्रस्तुती दी गई जनसभा में विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया साथ ही विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने बाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। जनसभा को विधायक पारसचन्द्र जैन ने संबोधित करते हुए वार्ड वासियों को शासन के विकास कार्यो की विस्तृत जानकारी दी गई। जनसभा के एमआईसी सदस्य एवं क्षैत्रिय पार्षद डॉ. योगेश्वरी राठौर ने भी संबोधित किया एवं वार्ड वासियों को महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित शिव ज्योति अर्पणम् महोत्सव में भागीदारी करने की अपील की गई। वार्ड 25 एवं 26 के यात्रा पड़ाव स्थल पर विधायक पारस जैन एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण-पत्र, संबल योजना के कार्ड एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये गये। विकास यात्रा में एमआईसी सदस्य शिवेन्द्र तिवारी, रजत मेहता, झोन अध्यक्ष विजय सिंह कुशवाह, सुशील श्रीवास, पार्षद सत्यनारायण चौहान, गब्बर भाटी, पूर्व पार्षद जगदीश पांचाल, ओम अग्रवाल, सत्यनारायण खोईवाल आदि गणमान्य नागरिक के साथ वार्डवासी उपस्थित थे।



### दक्षिण में वार्ड 47 एवं 49 में विकास यात्रा

उज्जैन दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के उज्जैन शहर के वार्ड-47 एवं 49 में विकास यात्रा महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, क्षैत्रिय पार्षद दिव्या बलवानी एवं आभा कुशवाह आदि की उपस्थिति में वार्ड के विभिन्न क्षैत्रो में निकाली गई। विकास यात्रा का क्षेत्रवासियों द्वारा पुष्पवर्ष कर स्वागत किया। विकास यात्रा के दौरान क्षेत्रवासियों को सरकार के द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही 18 फरवरी महाशिव रात्रि के अवसर पर क्षिप्रा के पावन तट पर आयोजित शिव ज्योति अर्पणम् महोत्सव की बारे में बताते हुए नागरिकों से इसमें सहभागीता करने एवं अपने घरों, प्रतिष्ठानों पर दीप लगाने की अपील की गई। जनसभा के पश्चात् महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम सभापति कलावती यादव ने लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण-पत्र, संबल योजना के कार्ड एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये गये।

# जी-20 सम्मेलन कृषि विकास पर खास फ़ोकस

## कृषि उत्पादन में इजाफा करने के लिए ड्रोन पॉलिसी अपनाने पर जोर




**इंदौर/ जन प्रकाशन**

इंदौर में आयोजित जी-20 के पहली कृषि प्रतिनिधि बैठक के दूसरे दिन कृषि विकास पर खास फोकस रहा। खाद सुरक्षा,पोषण के अलावा स्मार्ट जलवायु दृष्टिकोण टिकाऊ कृषि सहित अन्य महत्त्वपूर्ण विषयों पर विचार -विमर्श किया गया। बैठक में केन्दीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी हिस्सा लिया और कृषि मंत्र दिए। उन्होंने कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए ड्रोन पालिशी पर जोर दिया।


भारत की अध्यक्षता में जी-20 के तहत कृषि कार्य समूह की पहली कृषि प्रतिनिधि बैठक इंदौर की मेजबानी में आयोजित की जा रही है। बेठक के दूसरे दिन नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हिस्सा लिया और सत्र का उद्घाटन किया। मंत्री सिंधिया ने बैठक के दौरान बैठक में शिरकत करने आए जी-20 समूह के प्रतिनिधि ओर संगठनों सदस्यों से चर्चा की। उन्होंने बेठक में कृषि मंत्र भी दिए। उद्घाटन सत्र के अपने उद्घाटन भाषण के दौरान सिंधिया ने कृषि क्षेत्र में विकास के लिए थ्री-एस पालिशी अपनाने पर जोर दिया ओर टेम्पलेट - स्मार्ट, सर्व आल एंड सस्टेनेबल के बारे में बात की। उन्होंने भारत की कृषि विकास गाथा में ड्रोन के महत्व पर भी प्रकाश डाला। सिंधिया ने कहा कि कृषि का भारत के लिए सदैव अति महत्व की रही है। इतिहास से लेकर आज तक ओर आज तक से लेकर भविष्य तक कृषि का सदैव महत्व रहेगा। उन्होंने इश्यू नोट प्रस्तुति के दौरान केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव ने मुख्य भाषण दिया। खाद्य सुरक्षा और पोषण, जलवायु स्मार्ट दृष्टिकोण के साथ टिकाऊ कृषि, समावेशी कृषि मूल्य श्रृंखला, खाद्य प्रणाली और कृषि परिवर्तन के लिए डिजिटलीकरण के चार प्रमुख विषयों को शामिल करते हुए एडब्ल्यूजी के लिए इश्यू नोट पर प्रस्तुतियां दी गईं।

सदस्य देशों, आमंत्रित देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने इश्यू नोट पर अपना हस्तक्षेप किया।

जी-20 सदस्य देशों और अतिथि देशों ने भी जी- 20 कृषि एजेंडे पर ध्यान केंद्रित करते हुए द्विपक्षीय बैठकें की।

## प्रतिनिधियों ने मांडू का भ्रमण किया





*तकनीकी सत्र के बाद, प्रतिनिधियों को ऐतिहासिक मांडू किले के भ्रमण के लिए ले जाया गया। प्रतिनिधिमंडल के लिए एक लाइट एंड साउंड शो सहित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।, जिसके बाद रात्रिभोज का आयोजन किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने मांडू किले की यात्रा का आनंद लिया और रात के खाने पर आकर्षक बातचीत की। जी -20 सम्मेलन में आए मेहमानों का माण्डू पहुँचने पर उल्लास और उमंग के साथ स्वागत किया गया। स्वागत से सराबोर अतिथि परम्परागत लोकनृत्य में थिरकने से स्वयं को नहीं रोक सके।*

# महाशिवरात्रि पर्व पर क्राईसेस मेनेजमेंट की पुख्ता व्यवस्थाएँ करें: मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल/ जन प्रकाशन**

### ओंकारेश्वर में झूला पुल का तार टूटने की घटना की वीडियो कॉफ्रेंसिंग से ली जानकारी

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि महाशिवरात्रि पर्व पर क्राईसेस मेनेजमेंट की पुख्ता व्यवस्थाएँ की जाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री चौहान आज निवास कार्यालय समत्व भवन से वीडियो कॉफ्रेंसिंग से ओंकारेश्वर में झूला पुल का तार टूटने की घटना की जानकारी लेने के दौरान अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में कहीं भी कोई अप्रिय घटना न घटे, इसके लिए पहले से ही सभी व्यवस्थाएँ पूरी कर ली जाएँ। उन्होंने ओंकारेश्वर में झूला पुल का तार टूट कर नर्मदा नदी में गिरने की घटना के संबंध में जिला अधिकारियों को सुरक्षा के आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए।



उल्लेखनीय है कि यह घटना आज प्रातः घटित हुई। मुख्यमंत्री चौहान ने जबलपुर और रीवा प्रवास पर रहते हुए भी घटना की जानकारी मिलने पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री चौहान ने दौरे से लौटते ही इस संबंध में बैठक बुला कर विस्तृत विवरण प्राप्त किया। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर प्रदेश में जगह-जगह मेले और उत्सवों का आयोजन किया जाता है। इसमें लाखों श्रद्धालु मेले, उत्सव और मंदिरों में दर्शन करने के लिए पहुँचते हैं। उन्होंने इस संबंध में अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा को भीड़ नियंत्रित करने की पुख्ता तैयारियाँ पहले से करने के निर्देश दिए। वीडियो कॉफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी और विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी अंशुमन सिंह भी उपस्थित थे।

# चंदेरी विधानसभा से बीजेपी के सशक्त उम्मीदवार माने जा रहे सिरनाम सिंह यादव...

**मनीष शर्मा**
वरिष्ठ पत्रकार

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनेतिक पार्टियों ने अपनी अपनी तैयारियां शुरू कर दी है, वही टिकट की आस लगाए उम्मीदवार भी अपनी दावेदारी को लेकर कसावट करते नजर आ रहे हैं, हालांकि इसमें बीजेपी की बात की जाए तो इस बार जो खबरें सामने आ रही है उसके मद्देनजर इस बार कई स्थापित नेताओं के टिकट काटे जा सकते हैं? वही कईयों को अन्य क्षेत्रों से मैदान में उतारा जा सकता है। वैसे राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार मध्यप्रदेश में गुजरात की तर्ज पर ही चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाई जाएगी और इसमें कई नए चेहरों को मौका दिया जाएगा।

मध्यप्रदेश में भाजपा जो लगातार जीत की हैट्रिक लगा चुकी है और पिछली बार हार के बावजूद भी कांग्रेस के बागी नेताओं के कारण फिर सत्तासीन हुई इस बार उसे भी टिकट चयन को लेकर काफी जद्दोजहद का सामना करना पड़ सकता है? क्योंकि वर्षों से भाजपा के साथ जुड़े कार्यकर्ता और नेताओं को संतुष्ट करना और जीते उम्मीदवारों को पुनः टिकट देना इसके साथ ही कांग्रेस से भाजपा में आए नेताओं को एडजेस्ट करना? ऐसे में इस बार पार्टी को टिकट चयन के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ सकता है? प्रदेश में कई उम्मीदवार ऐसे भी हैं जिनके जनाधार के चलते उन्हें दरकिनार नहीं किया जा सकता, हालांकि अभी दिल्ली दूर है फिर भी राजनीतिक विश्लेषकों द्वारा गुणा भाग लगाकर संभावित उम्मीदवारों के नामों को लेकर आंकलन अभी से किया जाने लगा है। ऐसे ही एक आकलन के अनुसार अशोकनगर जिले के चंदेरी विधानसभा सीट पर जो नाम सामने आ रहा है वह नाम है सिर नाम सिंह यादव जो सिंधिया के कट्टर समर्थक माने जाते हैं और ऐसे में यहां की जनता के

साथ साथ राजनीतिज्ञों का भी मानना है कि इस बार उन्हें बीजेपी अपना प्रत्याशी बनाकर चंदेरी सीट पर अपना कब्जा जमाना चाहेगी।







## जाति भेदभाव से ऊपर हर समाज में मजबूत पकड़



ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कदमताल करते सिरनाम सिंह यादव (गुना लोकसभा उपचुनाव)

दादा ने अपने राजनीतिक जीवन में हर समाज के लिए उपलब्ध रहते हुए जातिगत भेदभाव को दरकिनार कर एक साफ सुथरी राजनीति की है, यही कारण है कि क्षेत्र में लोकप्रिय होने के साथ-साथ ही जननायक के रूप में आज भी क्षेत्र की जनता के लिए हरदम तैयार रहते हैं।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सबसे ज्यादा विश्वसनीय एवं करीबी माने जाने वाले सहज, सरल अभूतपूर्व व्यक्तित्व के धनी सभी समाजों में प्रभावशाली पकड़ रखने वाले एक अनुभवी नेता जिन्होंने कई पदों पर रहकर जनता की बडी सरलता के साथ जनसेवा की है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दादा सिरनाम सिंह यादव है । ऐसे में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यदि चंदेरी विधानसभा के वर्तमान विधायक को कोई व्यक्ति कड़ी टक्कर दे सकता है तो वह है "दादा सिरनाम सिंह यादव'। अधिकतर लोगों का यही मानना है कि अगर बीजेपी को यहां से चुनाव जीतना है तो दादा ही एकमात्र विकल्प बन सकते हैं जो कांग्रेस से यह सीट छीन सकते हैं? बता दें कि वर्तमान में इस सीट पर कांग्रेस विधायक गोपाल सिंह चौहान का कब्जा है ऐसे में अगर बीजेपी को यहां से जीत हासिल करना है तो स्थानीय व्यक्ति को ही टिकट देना चाहिए जिसकी क्षेत्र में मजबूत पकड़ हो और वह चुनाव जीत सकता हो।

सिरनाम सिंह यादव सीधे, सरल, बहुत आसानी एवं सहजता से हर किसी के लिए उपलब्ध रहते हैं एवं हमेशा किसानों एवं गरीबों के हक की आवाज उठाते हैं। यही कारण हैं कि श्री यादव को सभी समाज, जाती एवं वर्ग के लोग पसंद करते हैं। चंदेरी विधानसभा क्षेत्र का जातिगत समीकरण कुछ ऐसा है कि यहां यादव, रघुवंशी, लोधी एवं आदीवासी समाज की तादाद ज्यादा है एवं भारतीय जनता पार्टी के पास सिरनाम सिंह यादव ही एक ऐसा विकल्प है जो इस जातिगत समीकरण को साध सकते हैं, क्योंकि सिरनाम सिंह शुरुआत से ही साफ छवि के नेता रहे हैं और यादव, रघुवंशी, लोधी, गुर्जर, कुशवाहा, आदीवासी एवं हरिजन समाज की जनता के लाडले नेता हैं और सभी समाजों में एक प्रभावशाली पकड़ रखते हैं।

यादव का राजनैतिक सफर बहुत पुराना है (ईसागढ़ मंडी अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, 2 बार गुना जिला की मार्केटिंग सोसायटी के चेयरमैन, 15 वर्ष तक ईसागढ़ जनपद पंचायत सदस्य एवं संगठन में बड़े पदों पर रहकर अपनी नेतृत्व क्षमता एवं ईमानदार छवि के कारण स्वर्गीय महाराज श्रीमंत माधवराव सिंधिया एवं उनके बाद केन्द्रीय मंत्री महाराज श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के अशोकनगर जिला में सबसे करीबी एवं विश्वसनीय नेतामाने जाते हैं।



## राजनीतिक उपलब्धियां...
## सबसे कम उम्र का सरपंच बना पोता



सरपंच बनने के बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया से आशीर्वाद प्राप्त करने की पहली मुलाकात।

सिरनाम सिंह यादव के 50 साल के राजनीतिक जीवन में कई उपलब्धियां गिनाई जा सकती है इसमें बतौर मंडी अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल को आज भी लोग याद करते हैं।

इसके साथ ही सिरनाम सिंह यादव का ग्राम पंचायत कोहरवास के सरपंच पद पर 50 वर्षो तक कब्जा रहा है एवं वर्तमान में भी इनके पोता अजय प्रताप सिंह यादव महज 21 वर्ष की उम्र में ग्राम पंचायत कोहरवास के सरपंच हैं ,एवं मध्यप्रदेश में सबसे कम उम्र के सरपंचों की सूची में शामिल हैं । श्री यादव पूर्व में 8 वर्ष तक कांग्रेस कमेटी के अशोकनगर जिला अध्यक्ष पद पर भी रहे हैं। वही लोगों के बीच उनके मंडी अध्यक्ष पद के कार्यकाल की चर्चा आज भी होती है कि जैसी मंडी सिरनाम सिंह दादा के कार्यकाल में चली थी वह अद्भुत एवं अद्वितीय थी । श्री यादव का वर्चस्व सभी समाजों में है एवं गरीब जनता उनकी कार्यशैली की कायल है । जानकारी के मुताबिक जुलाई 2022 में ईसागढ़ नगर परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव में भी दादा का जादू चला एवं उनके समर्थक नीति शिवेंद्र यादव ईसागढ़ की नगर परिषद अध्यक्ष एवं गोविंदा सोनी ईसागढ़ नगर परिषद के उपाध्यक्ष बने । इनकी उपलब्धियों और सिंधिया घराने से नज़दीकियों के चलते ऐसा माना जा रहा है कि इस बार भाजपा से उनको टिकट मिलने की प्रबल संभावना है, क्योंकि जिस प्रकार से क्षेत्र में माहौल देखा जा रहा है उससे ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा को अगर इस सीट पर जीत हासिल करना हो तो यादव ही ऐसे उम्मीदवार हो सकते हैं जो यहां पर जीत हासिल कर सकते हैं। हालांकि और भी कई दावेदार हैं लेकिन उन सब में जनता में पकड़ रखने वाले वरिष्ठ श्री यादव ही ऐसे नेता हैं जिनकी जीत हो सकती है।

यहा पर जीत हासिल कर सकते हैं। हालांकि और भी कई दावेदार है जो बी जे पी से टिकिट की उम्मीद लगाए बैठे हैं लेकिन उन सब मे जनता में पकड़ रखने वाले वरिष्ठ श्री यादव ही वर्तमान में एक मात्र विकल्प है जो कांग्रेस को टक्कर देते हुए मुकाबला कर सकते है।

## सभी समाज में मजबूत पकड़

क्षेत्र में दादा के नाम से मशहूर सिर नाम सिंह यादव ऐसे नेता है जिनकी चंदेरी विधानसभा क्षेत्र में मजबूत पकड़ हैं। क्षेत्र में कैसी भी समस्या हो उसका त्वरित निराकरण उनके द्वारा करवाया जाता है, ऐसे में कोई भी समाज के लोग हो वह अपनी समस्या लेकर उनके पास ही पहुंचते हैं इसमें चाहे फिर किसान हो, मजदूर हो या फिर सामाजिक समस्या हो उसका समाधान करते हैं और यही कारण है कि क्षेत्र में इतने लोकप्रिय है कि लोग उन्हें अपना सरपरस्त मानते हैं । सभी लोगों के साथ समरसता का व्यवहार ही उनके व्यक्तित्व में स्पष्ट नजर आता है यहां के लोग भी उन्हें एक बार विधायक के रुप में देखना चाहते हैं यहां के लोगों से जब चर्चा की गई तो उनका एक ही कहना था कि दद्दा किसी भी पोस्ट पर है वही हमारे नेता है लेकिन अगर असेंबली में जाते हैं तो हमें बड़ी खुशी होगी जातिगत आधार पर देखा जाए तो यहां पर क्षेत्रीय लोगों के अनुसार चंदेरी विधानसभा क्षेत्र में लगभग 35 हजार यादव, 20 हजार लोधी एवं 25 हजार रघुवंशी समाज के मतदाता हैं हालाकि सरकारी आंकड़ा स्पष्ट नहीं है फिर भी एक अनुमान के अनुसार इतने मतदाता होने की संभावना आंकी जा रही हैं,जो चंदेरी विधायक चुनने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# ICC की गलती से तीनों फॉर्मेट में भारत को नंबर-1 बनाया था, आस्ट्रेलिया टेस्ट में टॉप पर

## मात्र 6 घंटें ही नं. 1 पर रहा भारत, ऑस्ट्रेलिया से 11 पॉइंट का अंतर



एजेंसी/ मुंबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की गलती से भारत टेस्ट में एक बार फिर नंबर-1 बन गया था। दरअसल, बुधवार को आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर भारत को टेस्ट में बेस्ट दिखा दिया था। छह घंटे बाद आईसीसी ने फिर नई रैंकिंग जारी की। इसमें भारत फिर से दूसरे और ऑस्ट्रेलिया नंबर वन था। यह गलती कैसे हुई, क्यों हुई, इसके बारे में आईसीसी ने कोई सफाई नहीं दी है। भारत फिलहाल टी-20 और वनडे में ही नंबर-1 और टेस्ट में नंबर-2 पर है। रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के 126 और टीम इंडिया के 115 पॉइंट्स हैं।

### टेस्ट में इस तरह से नंबर-1 बनेगा भारत

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 17 फरवरी से दिल्ली में टेस्ट मैच खेला जाएगा। इस मैच को जीतने पर भारत टेस्ट में नंबर-1 बन जाएगा। तब भारत के 121 और ऑस्ट्रेलिया के 120 पॉइंट्स हो जाएंगे। भारत वनडे और टी-20 में तो नंबर-1 है ही, टेस्ट में नंबर-1 बनते ही टीम तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बनने का कारनामा हासिल कर लेगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत अभी 4 टेस्ट की सीरीज खेल रहा है। सीरीज के 3 मैच जीतने पर भारत सीरीज के बाद भी नंबर-1 ही रहेगा।

### वनडे में भारत ऑस्ट्रेलिया से 2 अंक आगे

भारत वनडे रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया से 2 अंक आगे है। भारत के 114 पॉइंट है, वहीं, ऑस्ट्रेलिया के 112 अंक है। भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद 17 मार्च से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलेगा। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के पॉइंट बराबर हैं, लेकिन न्यूजीलैंड ने 29 और इंग्लैंड ने 33 मैच खेले है। इस वजह से न्यूजीलैंड ऊपर है।

### कब अपडेट होती है टीम रैंकिंग?

आईसीसी टीमों की रैंकिंग हर सीरीज के बाद अपडेट करता है। 14 फरवरी को वेस्टइंडीज-जिम्बाब्वे के बीच टेस्ट सीरीज खत्म हुई। जिसके बाद 15 फरवरी को टेस्ट टीम रैंकिंग अपडेट हुई। 1 अक्टूबर को हर साल आईसीसी रैंकिंग का वार्षिक अपडेट होता है।

### ऑस्ट्रेलिया से 4 टेस्ट, 3 वनडे खेलेगा भारत

9 फरवरी से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज शुरू हो चुकी है। पहला टेस्ट भारत जीत चुका है। अब 17 से 21 फरवरी तक दूसरा, एक से 5 मार्च तक तीसरा और 9 से 13 मार्च तक चौथा टेस्ट होगा। फिर 17, 19 और 22 मार्च को 3 वनडे भी होंगे।

# पहली WPL लीग का शेड्यूल तैयार

## 4 मार्च को गुजरात-मुंबई के बीच पहला मुकाबला, 26 को खेला जाएगा फाइनल



एजेंसी/ मुंबई

विमेंस प्रीमियर लीग के शेड्यूल का ऐलान कर दिया गया है। BCCI ने मंगलवार को फिक्सर जारी किया। 23 दिन तक चलने वाली लीग की शुरुआत 4 मार्च को मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में गुजरात-मुंबई मैच के साथ होगी। जबकि फाइनल मुकाबला 26 मार्च को मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा। इन्हीं दो स्टेडियम में पूरी लीग खेली जाएगी। 5 टीमें 23 दिन में 23 मुकाबले खेलेंगी। इनमें 20 लीग, 2 प्ले ऑफ और एक फाइनल होगा। पहले सीजन में चार डबल डेकर मुकाबले खेले जाएंगे। लीग के पहले सीजन में 5 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात जायंट्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और यूपी वॉरियर्ज शामिल हैं।

### कहां कौन-सा मैच?

WPL का पहला डबल डेकर 5 मार्च को होगा। इस दिन ब्रेबोर्न स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी। दूसरी ओर डीवाई पाटिल स्टेडियम में यूपी वारियर्ज की टीम गुजरात जायंट्स के साथ दो-दो हाथ करेगी। डबल डेकर का पहला मैच दोपहर 3:30 बजे से होगा। जबकि दूसरा शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। शाम के सभी मैच 7:30 बजे से शुरू होंगे। लीग स्टेज का आखिरी मुकाबला दिल्ली और यूपी के बाद ब्रेबोर्न में खेला जाएगा। उसके बाद 24 मार्च को एलिमिनेटर खेला जाएगा।

### लीग में स्मृति सबसे महंगी बिकीं

एक दिन पहले सोमवार को मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में प्लेयर्स ऑक्शन हुआ। करीब 6 घंटे चले इस ऑक्शन में भारत की उप कप्तान और टॉप ऑर्डर बैटर स्मृति मंधाना सबसे महंगी रहीं। उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 3.40 करोड़ रुपए में खरीदा। ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर और इंग्लैंड की नेटली सीवर ब्रंट सबसे महंगी विदेशी खिलाड़ी रहीं। दोनों को 3.20 करोड़ रुपए में खरीदा गया। इस ऑक्शन में कुल 87 खिलाड़ी खरीदी गईं। इनमें 30 विदेशी और 57 भारतीय शामिल हैं। पांच टीमों ने ऑक्शन में 59 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च किए। कुल 20 खिलाड़ी करोड़पति बनीं, इनमें 10 विदेशी और 10 भारतीय रहीं।

मनोरंजन

# वैलेंटाइन डे पर रिलीज हुआ 'गदर 2' का नया पोस्टर



एजेंसी/ मुंबई

बॉलीवुड इंडस्ट्री की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'गदर' का सीक्वल 'गदर सिनेमाघरों में 11, अगस्त 2023 को रिलीज होने वाला है। लोगों को एक बार फिर सनी और अमीषा पटेल की जोड़ी जमकर एंटरटेन करने वाली है। लोग इस फिल्म के रिलीज के होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच सनी देओल और अमीषा पटेल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म 'गदर 2' से जुड़ा अपडेट शेयर की है। आइए जानते हैं कि 'गदर 2' के तारा सिंह और सकीना ने फिल्म से जुड़ा क्या शेयर किया है।


### सनी देओल और अमीषा पटेल ने शेयर किए पोस्टर

सनी देओल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म 'गदर 2' का एक पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में सनी देओल और अमीषा पटेल एक-दूसरे को प्यार भरे अंदाज से निहारते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, अमीषा पटेल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म 'गदर 2' का मोशन पोस्टर शेयर किया है। सनी देओल और अमीषा पटेल ने अपनी पोस्ट के साथ एक जैसा कैप्शन लिखा है। फिल्म गदर 2 के स्टार्स ने लिखा है, 'क्या आप तारा सिंह और सकीना की इस एपिक लव स्टोरी को एक बार फिर से देखने के लिए तैयार हैं? गदर 2 11 अगस्त, 2023 को रिलीज होने वाली है।' सनी देओल की फिल्म 'गदर 2' को लेकर शेयर की गई पोस्ट पर फैंस जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। सनी देओल की पोस्ट पर अधिकतर फैंस कह रहे हैं कि वह फिल्म की रिलीज का इंतजार नहीं कर सकते हैं।

### अनिल शर्मा के डायरेक्शन में बनी रही 'गदर 2'

अनिल शर्मा के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म 'गदर 2' में सनी देओल और अमीषा पटेल के अलावा उत्कर्ष शर्मा भी नजर आएंगे। बताते चलें कि फिल्म 'गदर: एक प्रेम कथा' साल 2001 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का डायरेक्शन भी अनिल शर्मा ने किया था। फिल्म 'गदर' में अनिल शर्मा के बेटे उत्कर्ष शर्मा ने सनी देओल और अमीषा पटेल के बेटे का रोल निभाया था।

# हार्दिक- नताशा ने हिंदू रीति-रिवाज से फेरे लिए



एजेंसी/ उदयपुर

इंडियन क्रिकेट टीम (टी-20) के कैप्टन हार्दिक पंड्या की शादी हिंदू धर्म के अनुसार भी संपन्न हो गई। उदयपुर की उदयसागर लेक में बने रैफल्स होटल में हार्दिक और नताशा ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई।

नताशा ने रेड कलर की साड़ी पहनी। बारात में खुद हार्दिक पंड्या और उनके भाई क्रुनाल पंड्या ने जमकर डांस किया। डीजे साउंड पर दोनों भाई जमकर थिरके। इसके बाद हिंदू परंपरा के अनुसार रात करीब 7:45 बजे कपल ने सात फेरे लिए। अग्नि के समक्ष विधि-विधान से सारी रस्में निभाईं।

इससे पहले मंगलवार को दोनों ने क्रिश्चियन रीति-रिवाजों के मुताबिक शादी की कसमें खाई थीं। आज शाम उदयपुर के होटल में पंड्या की बारात निकाली गई। होटल से जुड़े सूत्रों के अनुसार इस मौके पर दोनों भाइयों ने क्रीम कलर की शेरवानी पहनी।

पंड्या विंटेज कार में दूल्हा बनकर बैठे। हार्दिक की शादी में क्रिकेट और बॉलीवुड स्टार्स के साथ आकाश और श्लोका अंबानी भी पहुंचे हैं। पंड्या वाइफ नताशा संग दो धर्मो के रीति-रिवाज से शादी की। उनका बेटा भी इस डेस्टिनेशन वेडिंग का गवाह बना। इससे पहले इस कपल ने करीब दो साल पहले कोर्ट मैरिज की थी और इनका दो साल का बेटा भी है। पंड्या की वेडिंग में शामिल होने के लिए क्रिकेट वर्ल्ड के बड़े सितारे और बॉलीवुड सेलिब्रिटी भी पहुंचे हैं। मंगलवार को उदयसागर के होटल रैफल्स में हुई वेडिंग में हार्दिक ब्लैक सूट और नताशा व्हाइट गाउन में नजर आईं। दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़कर वेन्यू में पहुंचे। शादी के बाद दोनों डांस करते हुए स्टेज तक पहुंचे। इसके बाद देर रात तक चली पार्टी में गेस्ट ने खूब एंजॉय किया। इस वेडिंग का आज वीडियो भी सामने आया है। इसमें हार्दिक और नताशा वाइन की बॉटल खोलकर सेलिब्रेट करते दिख रहे हैं।

### पंड्या ब्रदर्स ने जमकर किया डांस

होटल रैफल्स में शादी का जश्न देर रात का चला। इसमें हार्दिक पंड्या और उनके भाई क्रुनाल पंड्या ने खूब डांस किया। वेडिंग के दौरान भी हार्दिक जमकर थिरकते नजर आए। पंड्या ने सोशल मीडिया पर अपनी शादी की एक फोटो भी शेयर की है।

### डीजे वाला बाबू से फेमस हुई थीं नताशा

नताशा स्टेनकोविक का जन्म 4 मार्च 1992 को सर्बिया में हुआ था। उनकी बॉलीवुड में पहली फिल्म सत्याग्रह थी। इसके अलावा वो बिग बॉस-8 और नच बलिए-9 में बतौर कंटेस्टेंट नजर आईं। बादशाह के गाने डीजे वाले बाबू से उन्हें ज्यादा पॉपुलैरिटी मिली थी। हार्दिक पंड्या की बात की जाए तो उन्होंने 2016 में टीम इंडिया के लिए डेब्यू किया था। हार्दिक टीम के स्टार ऑलराउंडर हैं और अपने खेल से टीम को कई मैच भी जिताए हैं। उन्हें टीम इंडिया के अगले कप्तान के तौर पर भी देखा जा रहा है। क्रुणाल पंड्या ने भी अपनी पत्नी के लिए सोशल मीडिया पर फूलों के बुके वाली एक फोटो शेयर की है जिसमें लिखा है "डियरेस्ट पंखुरी- हैप्पी वैलेंटाइन डे, लव यू"। वहीं, एक्टर जय भानुशाली ने भी सोशल मीडिया पर लिखा है कि "वर्किंग वैलेंटाइन डे शो टाइम उदयपुर"। वहीं, इंडियन क्रिकेटर ईशान किशान ने भी अपना एक फोटो शेयर करते हुए लिखा है "हार्दिक पंड्या वेड्स नाइट"।




# ऑडी ने अपनी Q3 स्पोर्टबैक कार भारत में की लॉन्च...

## मात्र 7.3 सेकेंड में 100 किमी की रफ्तार से दौड़ सकती है, कीमत 51.43 लाख रुपए

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

लग्जरी कार ब्रांड ऑडी इंडिया ने सोमवार को इस साल भारत में अपनी पहली नई कार एंट्री-लेवल कूपे एसयूवी Q3 स्पोर्टबैक को लॉन्च कर दिया है। नई ऑडी Q3 की एक्सशोरूम कीमत 51.43 लाख रुपए रखी गई है। बायर्स कार को 2 लाख रुपए का टोकन मनी देकर प्री-बुक करा सकते हैं।

ऑल-न्यू 2023 ऑडी Q3 स्पोर्टबैक में टर्बो ब्लू, ग्लेशियर व्हाइट, क्रोनोस ग्रे, माइथोस ब्लैक और नवरारा ब्लू कलर ऑप्शन मिलते हैं। कार को सिंगल फुली-लोडेड टेक्नोलॉजी + एस लाइन ट्रिम में पेश किया गया है। कंपनी ने पिछले साल अगस्त में Q3 को दो वैरिएंट में भारतीय बाजार में उतारा था। इसके प्रीमियम प्लस वैरिएंट की कीमत 44.89 लाख रुपए और टेक्नोलॉजी की कीमत 50.39 लाख रुपए है।

### ऑडी Q3 स्पोर्टबैक : इंजन और गियरबॉक्स

सेकेंड जनरेशन के ऑडी Q3 के सभी वैरिएंट में 2.0 लीटर का टीएफएसआई टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल मोटर मिलती है, जो 190 बीएचपी की पावर और 320 nm का जनरेट करती है। इसे 7-स्पीड डीसीटी गियरबॉक्स के साथ ट्यून किया गया है। ये इंजन फॉक्सवैगन टाइगन और स्कोडा कुशाक में भी मिलता है। कंपनी का दावा है कि कार 7.3 सेकेंड में 0 से 100 किमी प्रतिघंटा पकड़ती है।

### ऑडी Q3 स्पोर्टबैक : फीचर्स

नई ऑडी Q3 स्पोर्टबैक स्टैंडर्ड Q3 एसयूवी पर बेस्ड है, लेकिन इसमें एक स्लोपिंग रूफलाइन है जो इसे एसयूवी-कूप लुक देती है। इसके फ्रंट में एक ओक्टागन शेप की ग्रिल, मैट्रिक्स एलईडी हेडलैंप और साइड मल्टी-स्पोक एलॉय व्हील आदि दिए गए हैं। वहीं फीचर की बात करें तो Q3 स्पोर्टबैक में 10.1-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 10.25-इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, 360-डिग्री पार्किंग कैमरा, एक 10-स्पीकर साउंड सिस्टम आदि मिलते हैं। इसके अलावा सेफ्टी के लिए कार में छह एयरबैग दिए गए हैं।

# इंदौर बायपास पर जलता ट्रक कई मीटर तक दौड़ता रहा

## बायपास को कई घंटों तक वनवे किया गया



**इंदौर/ जन प्रकाशन**

इंदौर के बाइपास स्थित बेस्ट प्राइस के सामने, चलते ट्रक में बुधवार रात लगी भीषण आग लग गई। आग का गोला बना ट्रक सड़क पर दौड़ते देख अफरातफरी मच गई। आग की जानकारी होने पर ड्राइवर ट्रक खड़ाकर निकल आया। सड़क पर जलते ट्रक की वजह से अफरातफरी और जाम की स्थिति बन गई। लसूड़िया पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। लेकिन आग इतनी भयावह थी कि कुछ ही देर में पूरा ट्रक जलकर राख हो गया। आग की वजह से सड़क के दोनों ओर ट्रैफिक जाम हो गया। घटना की वजह से बेस्ट प्राइज की तरफ सर्विस रोड पर भी कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। फायरकर्मियों द्वारा मौके पर पहुंचकर कुछ ही मिनटों में ट्रक की आग पर काबू पाया गया।

# लगातार दूसरे दिन शेयर बाजार में तेजी



**एजेंसी/ मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार में हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन, यानी बुधवार (15 फरवरी 23) को तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 242 अंकों की तेजी के साथ 61,275 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 86 अंकों की तेजी रही। यह 18,015 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी आई है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 शेयरों में तेजी और 10 शेयरों में गिरावट रही।

### अडाणी ग्रुप के 6 स्टॉक्स में तेजी रही

वहीं अडाणी ग्रुप की 10 प्रमुख कंपनियों के शेयरों में से 6 में तेजी रही। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 1.27% की तेजी रही। इसके अलावा अडाणी पोर्ट्स (0.75%), अडाणी विल्मर (1.37%), अंबुजा सीमेंट (2.47%), ACC (1.28%) और NDTV (4.99%) में भी तेजी देखने को मिली। वहीं अडाणी ट्रांसमिशन, पावर, टोटल गैस और ग्रीन एनर्जी के शेयरों में 5-5% की गिरावट रही। 24 जनवरी को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आने के बाद से ही अडाणी ग्रुप के शेयरों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

### टेक महींद्रा-अपोलो हॉस्पिटल निफ्टी के टॉप गेनर

टेक महींद्रा, अपोलो हॉस्पिटल, आयशर मोटर्स, रिलायंस, बजाजा फाइनेंस, ग्रासिम, भारती एयरटेल और SBI लाइफ समेत निफ्टी-50 के 37 शेयरों में तेजी देखने को मिली। वहीं हिंदुस्तान युनिलीवर, सन फार्मा, ओएनजीसी, एलटी, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी, डॉ रेड्डी और पावर ग्रिड समेत निफ्टी के 13 शेयरों में गिरावट रही।

### रियल्टी सेक्टर में 1.30% की तेजी रही

एनएसई के 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 9 में तेजी देखने को मिली। रियल्टी सेक्टर में 1.30% की तेजी रही। आईटी सेक्टर में 1.13% की तेजी आई। इसके अलावा बैंक, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, मीडिया, मेटल, पीएसयू बैंक और प्राइवेट बैंक सेक्टर में भी मामूली तेजी रही। सिर्फ एफएमसीजी और फार्मा सेक्टर में गिरावट देखने को मिली।

# पहली बार भारत में आयोजित हुई फॉर्मूला ई विश्व चैंपियनशिप



## डीएस पेंस्के के वर्गेन ने 46 मिनिट में रेस पूरी कर जीती ट्रॉफी

**एजेंसी/ बैंगलोर**

भारत में पहली बार एबीबी एफआईए फॉर्मूला ई विश्व चैंपियनशिप (ई-प्रिक्स) हुई। ई-हैदराबाद स्ट्रीट सर्किट में हुई इस रेस में डीएस पेंस्के के अनुभवी ड्राइवर जीन एरिक वर्गेन ने जीत हासिल की। उन्होंने 46:01.099 मिनिट में रेस पूरी की। इस 33 लैप की इलेक्ट्रिक रेस में वर्गेन को जगुआर के निक कैसिडी से कड़ी चुनौती मिली, लेकिन वे आखिर में उन्हें पीछे छोड़ने में सफल रहे। कैसिडी पोडियम पर दूसरे और पोर्शे के एंटोनियो फेलिक्स दा कोस्टा तीसरे नंबर पर रहे। उन्हें सेबेस्टियन बझमी पर लगे 17 सेकेंड के जुर्माने का फायदा मिला।

### भारत की ओर से महिंद्रा के ऑलिवर 6वीं पोजीशन हासिल की

ई-प्रिक्स में महिंद्रा एंड महिंद्रा ने भारत का प्रतिनिधित्व किया और उसके ड्राइवर ऑलिवर रॉलेंड ने 6वें नंबर पर रहते हुए पोल पोजीशन हासिल करने में सफल रहे। इस रेस को 9 रेसरों ने सफलता पूर्वक समाप्त किया। जबकि 6 रेसर ऐसे रहे जो रेस को समय पर खत्म नहीं कर पाए।

### 8 टीमों के 22 ड्राइवरों ने लिया हिस्सा

हैदराबाद ई-प्रिक्स में अलग-अलग देशों की 8 टीमों के 22 ड्राइवरों ने हिस्सा लिया। इसमें जगुआर, मैकलेरन, पोर्श, मासेराती, निसान, कुप्रा, डीएस पेंस्के और भारत से महिंद्रा ने अपनी रेसिंग कार उतारी थी।

### ई-हैदराबाद स्ट्रीट सर्किट

फॉर्मूला-ई रेस के लिए हैदराबाद में हुसैन सागर झील के किनारे स्ट्रीट सर्किट ट्रैक बनाया गया है। इस ट्रेक की लंबाई 2.835 किलोमीटर है और इसमें 18-टर्न (मोड़) हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक मनोज कुमार चौबे के लिए डीबी कॉर्प लि., 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर-एफ, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित तथा 102-ए, अरण्य स्कीम नं. 78, एस-5, इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक :** मनोज कुमार चौबे (मो. 9200031247) ● RNI No. MPHIN/2013/50913
(सभी विवादों का न्यायक्षेत्र इन्दौर रहेगा)